## कॉलेज का Admission Form भरने के चरण

1. **एंटी-रैगिंग शपथपत्र:** antiragging.in पर अनिवार्य ऑनलाइन शपथपत्र पूरा करें, शपथपत्र डाउनलोड करने और प्रवेश प्रपत्र भरने हेतु संदर्भ संख्या नोट करें। शपथपत्र का प्रिंटआउट प्रवेश प्रपत्र के साथ जमा करें।
2. **पंजीकरण प्रक्रिया:** ***पंजीकरण शुल्क किसी भी स्थिति में वापस नहीं किया जाएगा***। अतः भुगतान से पूर्व BHU काउंसलिंग पोर्टल पर अपनी प्रवेश स्थिति अवश्य जाँचें। कॉलेज की पुष्टि होने पर **'New Registration'** पर क्लिक करें, निर्देशानुसार जानकारी भरें और ₹ 500/- शुल्क ऑनलाइन जमा करें।
3. **प्रवेश प्रपत्र तक पहुँच:** सफल भुगतान के बाद स्वतः प्रवेश प्रपत्र पृष्ठ खुलेगा। यदि न खुले तो **'View Form'** पर क्लिक करें, अपना पाठ्यक्रम चुनें, NTA आवेदन संख्या भरें और **'Verify'** पर क्लिक करें।
4. **प्रपत्र भरना एवं दस्तावेज़ अपलोड करना:** सभी विवरण सावधानीपूर्वक भरें और स्पष्ट स्कैन की हुई प्रतियाँ अपलोड करें:
   - पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो (JPEG)
   - अभ्यर्थी एवं पिता का हस्ताक्षर (JPEG)
   - BHU Admit Card / Admission Letter एवं Course Allotment Page (PDF)
   - सभी अंकपत्र (PDF)
   - हाल का आय प्रमाणपत्र (SC/ST/OBC/EWS हेतु) (PDF)
     **[OBC-NCL: 01-01-2026 & after; EWS: 01-04-2026 & after; SC/ST: any date but recent]**
   - हाल का जाति प्रमाणपत्र (PDF; SC/ST/OBC/EWS हेतु) **केंद्रीय सरकार के प्रारूप में**
     **[OBC-NCL: 01-01-2026 & after; EWS: 01-04-2026 & after; SC/ST: any date but recent]**

5. **प्रत्येक चरण पर 'Save & Next' क्लिक करें।**
6. **घोषणा (Declaration):** अभ्यर्थी/अभिभावक/संरक्षक द्वारा दिए गए चेक बॉक्स ☐ पर टिक करें और **'Submit'** करें।
7. **डाउनलोड एवं प्रिंट:** सबमिशन के बाद **'Download Form'** पर क्लिक कर प्रपत्र डाउनलोड करें और प्रिंट निकालें।
8. **कॉलेज में रिपोर्टिंग:** मूल दस्तावेज़ों एवं एक सेट फोटोकॉपी **(स्वप्रमाणित दिनांक सहित)** के साथ कॉलेज प्रवेश समिति के समक्ष भौतिक सत्यापन हेतु उपस्थित हों।

**महत्वपूर्ण जानकारी**

- दस्तावेज़ सत्यापन पूर्ण होने तक प्रवेश *अस्थायी (Provisional)* रहेगा।
- मूल *Transfer Certificate, Character Certificate* एवं *Migration Certificate* सत्यापन के समय अनिवार्य हैं।
- श्रेणी/ जाति प्रमाणपत्र **केंद्रीय सरकार के प्रारूप में होना चाहिए (राज्य सरकार का प्रारूप स्वीकार्य नहीं है)**
- **हॉस्टल सुविधा** हेतु Hostel Allotment Process देखें या काउंटर संख्या 08 से संपर्क करें।
- **कॉलेज बस सुविधा** हेतु काउंटर संख्या 03 से संपर्क करें।
- **करियर-उन्मुख डिप्लोमा पाठ्यक्रम** हेतु काउंटर संख्या 09 से संपर्क करें।